दिन—बुधवार

दिनांक— 04 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।

अवधि — 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने दो चरणों में जातीय गणना कराने का निर्णय लिया। जातियों की गणना के साथ—साथ जनगणना भी करवाई जाएगी।

02. मुजफ्फरपुर में एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में तुर्की के थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित किये गए।

03. राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी। अबतक तीस मामलों की हो चुकी है पुष्टि।

04. और, प्रदेश में मॉनसून पूर्व बारिश का सिलसिला जारी। किशनगंज, अररिया और पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर आज भारी बारिश की चेतावनी।

---

केंद्र सरकार ने दो चरणों में जातीय गणना कराने का निर्णय लिया है। जातियों की गणना के साथ—साथ जनगणना भी करवाई जाएगी। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि वर्ष दो हजार सत्ताईस के जनगणना के पहले चरण की शुरूआत अगले वर्ष एक अक्टूबर से होगी। इस चरण में लद्दाख, जम्मू—कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना करवाई जाएगी। वहीं, एक मार्च, दो हजार सत्ताईस को दूसरे चरण की शुरूआत होगी, जिसके तहत बांकी बचे राज्यों में जनगणना करवाई जाएगी। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार इक्कीस में जनगणना कराने का प्रस्ताव था। इसकी सभी तैयारियाँ पूरी भी कर ली गई थी लेकिन देश भर में कोविड महामारी के प्रकोप के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

---

संसद का मानसून सत्र इक्कीस जुलाई से शुरू होकर बारह अगस्त तक चलेगा। आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने इक्कीस जुलाई से बारह अगस्त तक संसद का मानसून सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया है।

———बाइट———

---

मुजफ्फरपुर में एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में तुर्की के थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। एसएसपी सुशील कुमार ने बताया कि इन पुलिसकर्मियों ने पूछताछ के बाद आरोपी को छोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि आरोपी मुकेश राय की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ दो गैर जमानती वारंट भी जारी किया है।

---

इस बीच, दुष्कर्म पीड़िता की मौत के बाद राज्य में आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। कांग्रेस ने आज स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के इस्तीफे की मांग को लेकर उनक आवास का घेराव किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं रूके। भाजपा सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने कहा है कि सरकार मामले की जांच उच्च स्तरीय समिति से करवा रही है। मामले में जो भी दोषी पाये जायेंगे उनपर कार्रवाई की जाएगी।

———बाइट———

इधर, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि वे पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने कहा कि यह घटना स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण हुई है। इधर, केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आग्रह किया है।

---

आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का संदेश लेकर दुनियाभर के देशों में गए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से चार सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौट आए हैं। पांच देशों की यात्रा पूरी कर लौटे जदयू के सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का संदेश यह था कि पूरा देश आतंकवाद के मुद्दे पर एकजुट है।

———बाइट———

ऑल पार्टी डेलिगेशन जाने से सरकार का बड़ा मेसैज सब जगह ये लोगों को ये जरूर मैं खासकर बताउंगा कि पूरा देश इस मिशन पर एक साथ है, टेरिरिज्म के खिलाफ है और सारी पार्टी के लोग एक वॉइस में बात कर रहे हैं।

इस बीच, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में बेल्जियम के ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ मुख्यालय के दौरे पर है। श्री प्रसाद ने कहा कि

प्रतिनिधिमंडल यूरोपीय संघ स्तर पर तथा बेल्जियम के अधिकारियों के साथ बातचीत करेगा।

———बाइट———

————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर की कथित आलोचना को लेकर कांग्रेस और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की आलोचना की है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने सेना की सफलता को सरेंडर के समान बताया वह सेना की बहादुरी और बलिदान का अपमान है।

———बाइट———

राहुल गांधी जी ने जिस प्रकार से हमारी सेना के द्वारा दिखाए गए अप्रतिम शौर्य और सेना के अधिकारियों द्वारा जिसमे डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशन, डायरेक्टर जनरल एयर ऑपरेशन, डायरेक्टर जनरल नेवी ऑपरेशन उन्होंने जिस तरीके से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का विवरण दिया है उसको सरेंडर से तुलना करना ये दर्शाता है कि ये मानसिकता कितनी रोगी और कितनी खतरनाक है।

भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्नीस सौ इकहत्तर में पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक सैन्य जीत के बाद उसने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का आत्मसमर्पण क्यों किया।

————————————————————————————

राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। कल छह नये मामलों की पुष्टि हुई। अबतक कोविड के तीस मामले सामने आ चुके हैं। पटना के सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि इनमें से छह मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, चौबीस मरीजों का विभिन्न अस्पतालों और होम आईसोलेशन में इलाज चल रहा है। आईसीएमआर के डायरेक्टर जनरल राजीव बहल ने कहा कि कोविड से लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

———बाइट———

————————————————————————————

भारत सहित दुनियाभर से लगभग अठारह लाख हजयात्री आज से शुरू हुई पांच दिवसीय वार्षिक हज यात्रा के लिए सऊदी अरब के मीना में एकत्रित हो रहे हैं। इन लोगों ने पवित्र शहर मक्का से अपनी यात्रा शुरू की। हजयात्री आज रात मीना में बिताएंगे और कल सुबह हज की मुख्य रस्म अदा करने के लिए अराफात के मैदान

जाएंगे। भारतीय हजयात्री हज सुविधा मोबाइल एप्लिकेशन और समर्पित टोल–फ्री नंबरों के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून पूर्व बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। किशनगंज के बहादुरगंज में सबसे अधिक साठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया और पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य के शेष हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। कल राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

———————————————————————

अहमदाबाद से पटना आ रही एक फ्लाईट में आज विस्फोटक पदार्थ होने की सूचना मिलने के बाद पटना हवाई अड्डे पर अफरा–तफरी की स्थिति मच गयी। सुरक्षा बलों ने तत्काल अलर्ट जारी कर विमान को सुरक्षित उतारा। प्राप्त जानकारी के अनुसार लैंडिंग के बाद फ्लाईट को आईसोलेशन–वे ले जाया गया, जहां सीआईएसएफ और बम निरोधक दस्ते की टीम ने लगभग एक घंटे तक तलाशी ली। जांच के बाद किसी प्रकार का विस्फोटक नहीं मिला। फ्लाईट में एक सौ पंचानवे यात्री सवार थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि फ्लाईट को विस्फोटक से उड़ाने की धमकी देने वाले की पहचान की जा रही है।

———————————————————————

बिहार से सब्जियों को विदेश भेजने का सिलसिला आज से शुरू हो गया है। पटना में वेजफेड की ओर से सब्जियों का ट्रायल शिपमेंट आज दुबई के लिए रवाना किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि पहली खेप के रूप में डेढ़ क्विंटल सब्जी दुबई भेजी गयी है।

———————————————————————

बिहार शतरंज संघ के तत्वावधान में शेखपुरा के बरबीघा में आयोजित बिहार राज्य सीनियर फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता के पांचवे चक्र की समाप्ति के पश्चात पटना के विजय कुमार पांच अंको के साथ पहले स्थान पर चल रहे हैं। जबकि साढ़े

चार अंको के साथ विपल सुभाषी, आशुतोष, देवव्रत सिंह और राहुल कुमार संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

---

औरंगाबाद जिले के देव थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवसागर पहाड़ी क्षेत्र में एसटीएफ और पुलिस की टीम ने सर्च अभियान चलाकर चार प्रेशर आईईडी बरामद किया। पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने बताया कि इन सभी का वजन एक–एक किलो था। सभी विस्फोटकों को नष्ट कर दिया गया है।

---

नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना के बेलधा गांव से पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी पर लोगों को लोन दिलाने के नाम पर साइबर ठगी करने का आरोप है।

---

मधुबनी जिले के पंडौल थाना क्षेत्र के नवदेता पुल के पास पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे तीन अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार महिला समेत नौ चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटे गए कई आभूषण बरामद किये गये हैं।

---

खगड़िया जिले के मोरकाही थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगरकोल घाट से पुलिस और डीआईयू की टीम ने पचास हजार रूपए के ईनामी अपराधी भरत यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

---

रोहतास जिले के बड्डी थाना क्षेत्र के जंजरा कुटिया गांव के पास एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से पिता–पुत्र की मौत हो गई।

---

समस्तीपुर रेल मंडल में बेटिकट यात्रियों के खिलाफ चलाए गए सघन जांच अभियान में चार हजार बीस लोगों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा गया। इनसें जुर्माने और किराए के रूप में तैंतीस लाख चौवन हजार रूपए वसूले गए।

---

बेगूसराय जिले के बरौनी स्थित एनटीपीसी परिसर में बालिका सशक्तिकरण मिशन की शुरूआत हुई। कार्यक्रम की शुरूआत परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने की।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्र सरकार ने दो चरणों में जातीय गणना कराने का निर्णय लिया। जातियों की गणना के साथ–साथ जनगणना भी करवाई जाएगी।

02. मुजफ्फरपुर में एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में तुर्की के थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित किये गए।

03. राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी। अबतक तीस मामलों की हो चुकी है पुष्टि।

04. और, प्रदेश में मॉनसून पूर्व बारिश का सिलसिला जारी। किशनगंज, अररिया और पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर आज भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।